06.07.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से– केन्द्रीय बजट 23 को पेश किया जाएगा।

- केन्द्र सरकार अगले पांच वर्षों में दो लाख ग्राम पंचायतों में बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी की स्थापना करेगी।

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालयों से बदले युग और युवाओं की रूचि के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार करने को कहा।

- प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश – मौसम विभाग ने आज भी अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर जिलों में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी।

000

संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र 12 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2024–25 लोकसभा में 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव की केन्द्र सरकार की सिफारिश का अनुमोदन कर दिया है।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों में बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी– पैक्स की स्थापना करेगी। इन पैक्स की स्थापना उन ग्राम पंचायतों में की जाएगी जो अभी तक सहकारिता क्षेत्र से बाहर है। श्री शाह ने 102वे अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर गुजरात के गांधी नगर में आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के दौरान ये घोषणा की।

-----------------

श्री शाह ने समितियों को व्यवहारिक बनाने के लिए सहकारी नेटवर्क के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंनें कहा कि सहकारिता क्षेत्र का पूरा आर्थिक व्यवहार सहकारिता क्षेत्र में ही हो तो सहकारी समितियों के पास पर्याप्त धन होगा। कार्यक्रम के दौरान नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के भारत ऑर्गेनिक आटा का भी शुभारंभ किया गया।

000

लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद ओम बिरला पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के दौरे पर हैं। श्री बिरला के बूंदी के हिंडौली पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार स्वागत किया। श्री बिरला ने हिंडौली में रोड़ शो किया। बूंदी और तालेड़ा में भी उनका अभिनंदन किया गया। बूंदी को पूरी तरह से सजाया गया। बाईपास तिराहे से सूर्यमल चौराहा सब्जी मण्डी मार्केट, चौहान गेट, इन्दिरा मार्केट, देवली रोड़, कोटा रोड से श्री बिरला का जुलूस निकला जिसका जगह–जगह स्वागत किया गया। जुलूस में लोककलाकारों ने नृत्य भी किया। श्री बिरला का कोटा में 30 से अधिक स्थानों पर स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। श्री बिरला के स्वागत के लिये शहर में 500 से अधिक द्वार बनाये गये हैं।

000

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने आज सवाईमाधोपुर में जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभिन्न विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले श्री दिलावर ने सीमेंट फैक्ट्री स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने आम लोगों से वृक्षारोपण अभियान में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। शिक्षा मंत्री ने बामनवास उपखण्ड में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जर बड़ौदा के नये भवन के उद्घाटन किया।

000

स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट यू जी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के समाचार को गलत बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

000

-------------------

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेश करते हुए देश के विकास में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय ऐसे नये पाठ्यक्रम शुरू करें, जो बदले युग के अनुरूप हों और जिनमें युवाओं की अधिक रूचि हो।
राज्यपाल आज कोटा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना का प्रमुख आधार उच्च और तकनीकी शिक्षा है। हमें विश्वविद्यालयों को इस तरह से तैयार करने की जरूरत है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग से भारत फिर से विश्वगुरू बन सके। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस.के.सिंह ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने विश्विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।
दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर नयांशी जैन को 2022 का कुलाधिपति स्वर्ण पदक जबकि नेहा सुराणा को 2023 का कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। दिव्यांशी यादव को 2022 को कुलपति स्वर्ण पदक एवं गजल लता को 2023 का कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कुल 44 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक दिये गये। विश्वविद्यालय की ओर से कुल 18 हजार 257 उपाधियां प्रदान की गई हैं।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। बारां जिले के शाहबाद में सबसे ज्यादा 195 मिलीमीटर बरसात रिकॉर्ड की गई। टोंक जिले में भी भारी बारिश हुई है। भारी बारिश से सहोदरा, घारेडा सागर, ढीबरू सागर, हालोलाव सागर, भावलपुर और केरवालिया बांध पर चादर चल गई है। जिले के देवली में 150 मिलीमीटर और मालपुरा में 140 मिलीमीटर पानी बरसा। जिले में आज भी मौसम विभाग की भारी बारिश की भविष्यवाणी के मद्दे नजर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने भारी बारिश से प्रभावित बोरखंडी कला और लावा सहित कई स्थानों का दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने जिले के लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है।

----------------

टोंक में भारी बारिश के बाद बनास नदी में पानी की आवक काफी बढ़ गई है। इस कारण सवाईमाधोपुर जिले में डिडायच ऐचेर पुलिया पर चादर चल गई है। ऐसे में वहां यातायात बाधित है। आज गंगानगर में और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। हनुमानगढ जिले में भी कई जगह शाम को बारिश हुई। इस बीच मौसम विभाग ने आज अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर जिलों में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी। विभाग ने कहा है कि बूंदी, जयपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, सीकर और टोंक जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों मेंं उत्तर–पूर्वी हिस्सों में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश दर्ज होने के आसार है। बीकानेर संभाग में आगामी 2–3 दिन दोपहर बाद मेघगर्जन, आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

000

विश्व पशु जन्य रोग दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर पशु जन्य रोगों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। जानवरों से इंसानों में और इंसानों से जानवरों में फैलने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। यह रोग संक्रमित जानवर के दूषित माँस, जानवरों की लार, रक्त, मूत्र और बलगम के जरिए फैल सकते हैं। इनमें रेबीज़, स्क्रब टायफस, एवियन इनफ्लुएंजा, जापानी इन्सेफेलाइटिस जैसी बीमारियां शामिल हैं। इस मौके पर झालावाड़ में चिकित्सा संस्थानों में आमजन को ऐसे रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। उपमुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लेखराज मालव बताया कि किसी को भी यदि गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, कुत्ता, बिल्ली, सूअर या बंदर काट जाता है तो उसे तुरन्त डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

000

दूरदर्शन राजस्थान आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित समारोह का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने किया। केन्द्राध्यक्ष सतीश देपाल ने बताया कि डीडी राजस्थान ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए दर्शकों में गहरी साख स्थापित की है। कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आज रात आठ बजे डीडी राजस्थान पर विशेष कार्यक्रम "नैणा रा झरोखा सूं" का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में कुचामनी ख्याल लोकनाट्य शैली के प्रसिद्ध कलाकार दयाराम भांड और तमाशा शैली के प्रख्यात कलाकार दिलीप भट्ट की प्रस्तुतियां होंगी।

000